# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष - 26 | मई -II- 2024 | अंक - 04 | माउण्ट आबू | Rs.-12


**शांतिवन में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक** | **7 दिनों में 60 सूत्री विषयों पर हुई गहन चर्चा**

# सामाजिक एकता, समरसता और आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही लक्ष्य हो : दादी



### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

ब्रह्माकुमारीज़ के 21 प्रभागों द्वारा देश में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, राजऋषि गोकुल गांव, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, बाल संरक्षण, बाल व्यक्तित्व विकास, समाज सेवा के विभिन्न आयाम, नशामुक्ति अभियान, वैश्विक शिखर सम्मेलन, दिव्यांगों के विकास पर हुई विशेष चर्चा

**देश-विदेश में सामाजिक सरोकारों तथा विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में आयोजित 7 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 60 सूत्री विषयों पर चर्चा की गई।**

**शांतिवन।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने कहा कि इस मीटिंग से लाखों-करोड़ों आत्माओं के जीवन में आध्यात्मिक विकास तथा सर्वांगीण विकास की रूपरेखा से एक दिशा तय होगी। सभी भाई-बहनों का प्रयास होना चाहिए कि लोगों में सामाजिक एकता, समरसता और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का विकास हो। महासचिव राजयोगी ब्र.कु. निर्वैर भाई ने कहा कि देश में शांति और विकास के लिए लोगों को अध्यात्म से जोड़ना होगा। आध्यात्मिक जीवन शैली से ही समाज में बदलाव आयेगा। अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी ने कहा कि चाहे देश हो या विदेश सभी स्थानों पर मानवीय मूल्यों की गिरावट चिंता का बड़ा कारण है। इसलिए हमें ज़रूरत है कि हम परमात्म ज्ञान से लोगों के अन्दर श्रेष्ठ संस्कारों का सिंचन करने का प्रयास करें। अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी तथा संयुक्त मुख्य प्रशासिका ब्र.कु. मुन्नी दीदी ने कहा कि हमें ज्ञान और योग के ज़रिए लोगों में बढ़ रहे तनाव और डिप्रेशन को दूर करने के लिए प्रयास करना ज़रूरी है। मल्टी मीडिया प्रमुख ब्र.कु. करुणा भाई, कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय भाई, पांडव भवन प्रभारी ब्र.कु. शशि दीदी, ज्ञानामृत के सम्पादक ब्र.कु. आत्म प्रकाश भाई, ब्र.कु. सुदेश बहन समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे।

## संस्थान के 21 प्रभागों द्वारा आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की तय की गई रूपरेखा

### चिकित्सा सेवा प्रभाग

सिरोही जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए मेडिकल प्रभाग एवं ग्लोबल अस्पताल की ओर से ग्लोबल अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा ने दो बड़े अस्पताल बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसमें एक 16 मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तथा दूसरा हार्ट इंस्टिट्यूट है। जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया था।



» मीटिंग के शुभारंभ पर दादी रतनमोहिनी के साथ केक काटते हुए ब्र.कु. जयंती दीदी, ब्र.कु. निर्वैर भाई, ब्र.कु. बृजमोहन भाई, ब्र.कु. मुन्नी दीदी तथा अन्य।

- मेडिकल प्रभाग द्वारा एक वर्ष में चलाये गये नशा मुक्ति अभियान का डाटा पेश किया गया। इसके तहत करीब 17 लाख लोगों ने इसका लेकर नशे को छोड़ने का संकल्प लिया।

- बीएसईएस अस्पताल मुम्बई का भी डाटा पेश किया गया। साथ ही वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक मेहता ने महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर के प्रति अवेयरनेस सेशन रखा और महिलाओं को इस कैंसर से कैसे बचाया जाये इसपर बातचीत हुई।

### ग्राम विकास प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा माउण्ट आबू के 14 गांवों को विषमुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। इसमें प्रशासन तथा सभी प्रकार के विधि-विधान का सहयोग लिया जायेगा। इसके तहत सात गांव को यौगिक खेती गांव के रूप में डेवलप किया जायेगा। जिसमें धर्मपुर गुजरात, शहादा महाराष्ट्र, झाबुआ मध्य प्रदेश, बैतूल मध्य प्रदेश और रायरंगपुर ओडिशा आदि को शामिल करने का विचार किया गया है।

- राजऋषि गांव-दत्तक योजना के तहत ग्राम विकास प्रभाग द्वारा देश के कम से कम सात प्रदेशों के 150 गांवों को चयनित किया जायेगा और वहां किसानों की कैसे आर्थिक उन्नति की जाये, उनकी जीवनशैली और व्यवहार को कैसे अच्छा बनाया जाये, कैसे उन्हें नशा मुक्त बनाया जाये, इस विषय पर भी चर्चा हुई।

### आई.टी. प्रभाग

ब्रह्माकुमारीज़ के आई.टी. विंग की ओर से एक बी.के. वन एप्प बनाया गया है जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़े सारे अच्छे कंटेंट डाले गये हैं। जिसके माध्यम से ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़े लोग और जो अच्छा कंटेंट देखना चाहते हैं वो इस एप्प का लाभ ले सकते हैं।

### अन्य प्रभागों की परियोजनाएं

**ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग »** इस प्रभाग द्वारा 'यात्री कृपया ध्यान दें' थीम पर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत यात्रियों की मनोदशा कैसी हो, उनको कैसे दुर्घटनाओं से बचाया जाये, यात्रा के दौरान वे क्या सोचें, किस तरह का भाव रखें, उसपर काम किया जायेगा।

**शिक्षा प्रभाग »** इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मणिपुर में जो ब्रह्माकुमारीज़ से सम्बंधित कई सब्जेक्ट्स चलाये जा रहे हैं, उसपर प्रकाश डाला गया, थॉट लैब के बारे में बताया गया और प्रकाशमणि विज़डम पार्क में बन रहे थिएटर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**यूथ विंग »** इस प्रभाग द्वारा किस तरह युवाओं में पर्सनालिटी डेवलपमेंट का काम करें, इसपर विचार किया गया। सरकार की 'यूथ पार्लियामेंट' के ज़रिये युवाओं को जोड़ने का प्रयास इसमें शामिल है।

**सुरक्षा सेवा प्रभाग »** इस प्रभाग द्वारा सीमाओं पर जो जवान देश की सुरक्षा में अपनी सेवायें देते हैं, वे तनाव में रहते हैं, अपने परिवार से दूर रहते हैं, उनके तनाव को कैसे दूर किया जाये, उस पर काफी बातचीत की गई।

**आर्ट एंड कल्चर विंग »** कला जगत से जुड़े लोगों के लिए किये जाने वाले विभिन्न कार्यों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा स्पष्ट की गई। तेज़ी से बदल रही संस्कृति में फिल्म कलाकारों का जो रोल है, वे प्रभाग उस पर कार्य करेगा।

**स्पार्क विंग »** मन पर रिसर्च अर्थात् आपका थॉट लेवल अगर खराब होता है तो वो आपके सेहत पर, आपके परिवार पर कैसे असर डालता है, उससे कैसे बचा जाए और कैसे लोगों को अवेयर किया जाये, इस पर बातचीत की गई।

इसके साथ ही एडमिनिस्ट्रेटिव विंग, समाज सेवा प्रभाग, साइंटिस्ट इंजीनियरिंग विंग, मीडिया विंग, शिपिंग एंड एविएशन विंग, ज्युरिस्ट विंग, बिज़नेस एंड इंडस्ट्री विंग एवं महिला प्रभाग आदि सभी प्रभागों द्वारा विचार-विमर्श करके समाज में इन वर्गों के जीवन में कैसे उत्कृष्टता लाएं इसपर बातचीत की गई।



### ये हुए शामिल

ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सभी ज़ोन, सबज़ोन, प्रभागों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नेशनल कोऑर्डिनेटर, मुख्यालय संयोजक, सभी प्रमुख सेवाकेन्द्रों की मुख्य भाई-बहनों ने भाग लिया।